शिक्षा जीवन के हर क्षेत्र में कामयाबी संभव : प्रो. दिनेश सिंह

सोहना, 28 नवंबर, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग। विद्यार्थी देश का भविष्य होते हैं। जो देश को अग्रणी व विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। जिनकी शिक्षा व अनुभव से देश उन्नति की ओर अग्रसर होता है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कस्बे के निकटवर्ती केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षांत समारोह में कही। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में शिक्षा के बिना सब कुछ अधूरा है।

शिक्षित व्यक्ति ही समाज में सम्मान प्राप्त करता है। शिक्षा क्षेत्र में काफी प्रतिस्पर्धा है। जिसके लिए विद्यार्थियों की अथक मेहनत करनी चाहिए। यह बात मुख्यमंत्री ने वर्चुअल मोड़ में कही। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 534 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की गई। मुख्यमन्त्री मनोहरलाल ने सभी सफल डिग्री धारकों को शुभकामनाएं भी दी हैं। कस्बे के सोहना-गुरुग्राम मार्ग पर स्थित केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में शनिवार को तीसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि प्रदेश

मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर थे। जिन्होंने विद्यार्थियों को वर्चुअल शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के चांसलर पदम श्री विजेता प्रो.दिनेश सिंह थे। उक्त कार्यक्रम ऑनलाइन था। जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कुल 534 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की गईं। जिनमें 394 स्नातक, 72 स्नातकोत्तर, 13 पीएचड़ी व 55 डिप्लोमा धारक विद्यार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में 15 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल से भी नवाजा गया। अपने विभाग में सीजीपीए 8.5 से भी ज्यादा रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सम्बोधित करते हुए चांसलर प्रो. दिनेश सिंह ने कहा कि विद्यार्थी काल जीवन में सबसे बड़ा होता है। युवा इसमें पढ़ाई को अगर गंभीरता से लेंगे तो जीवन में उनको किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी और वे जीवन में हर क्षेत्र में कामयाब होंगे।

इसके अलावा समारोह में वाईस चांसलर प्रो.आदित्य मलिक ने सभी छात्र छात्राओं को सफल होने पर बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में पढ़ाई का विशेष महत्त्व है। जिससे जीवन संवरता है। इस अवसर पर स्कूल ऑफ जर्नलिज्म डीन डॉक्टर किरण बाला के अलावा काफी प्रवक्ता मौजूद थे।

शिक्षा को दिया बढ़ावा वर्ष 2013 में स्थापित केआर मंगलम यूनिवर्सिटी ने विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। जिसने शिक्षा क्षेत्र में लाखों युवाओं को शिक्षित करके अपना योगदान दिया है। जिसमें पत्रकारिता, इंजीनयर, वयवसाय प्रबंधन, वास्तुकला, चिकित्सा, सम्बन्ध विज्ञान, कानून के स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट डिग्री धारक शामिल हैं। जिसके करीब एक दर्जन स्कूल भी विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करके अलख जगा रहे हैं। ऐसा होने से उक्त यूनिवर्सिटी का नाम आज विश्व स्तर पर पहचाने जाना लगा है।